पेज थ्री देहरादून

पवित्र तीर्थस्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 4 को खुलेंगे।

देहरादून बृहस्पतिवार 20 अगस्त 2020 पेज 8



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक कथा कीर्तन के रूप में मनाया

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश पर्व पूर्ण श्रद्धापूर्वक कथा कीर्तन के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः नितनेम के पश्चात भाई सतवंत सिंह ने आसा दी वार का सबद वाणी गुरु ,गुरु है वाणी, विच वाणी सार एवं इहो वाणी जो जीयो जाने, तिस अन्तर रवे हरिनामा॰ का गायन कर संगतो को निहाल किया। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के पश्चात हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव ने भक्तों, भट्ट साहिबान गुरु सिख साहिबान एवं गुरु साहिबान की वाणी को एक पोथी में अंकित करवाया।

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने सूर्यकांत धस्माना को जन्म दिन की बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश जोशी सहित कांग्रेस जनों ने उत्तराखंड की जन हितों वी जन सरोकारों धार्मिक सांस्कृतिक व राजनीति के योद्धा व लगातार संघर्षरत परम स्नेही ऊर्जावान नेता और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना को जन्म दिन की बधाई दी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके जन्म दिवस की मंगलमय बेला पर हम उनके बेहतर भविष्य की कामना करते है जिससे उनके अनुभव नेतृत्व क्षमता का लाभ प्रदेश की जनता को मिल सके।

### मसूरी की समस्याओं के समाधान को ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज उत्तराखंड प्रदेश के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में जिलाधिकारी देहरादून कार्यालय में मसूरी की समस्याओं के समाधान को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ज्ञापन में मांग की है कि मसूरी के स्थानीय लोगों की सुध ले प्रशासन नहीं तो मसूरी में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की नई मोबिलिटी सेवा की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज एक नए वर्टिकल, टोयोटाज मोबिलिटी सर्विस (टीएमएस) के जरिए भारत में अपने पूरी तरह नए, कार लीजिंग एंड सब्सक्रिप्शन प्रोग्राम की घोषणा की। यह भारत में टीकेएम की भविष्य की मोबिलिटी पहल का विस्तार करेगा। शुरुआत के लिए, टोयोटाज मोबिलिटी सर्विस दिल्ली–एनसीआर, बैंगलोर और मुंबई जैसे शहरों में ग्राहकों को लीजिंग और ग्राहकी मुहैया कराएगी। इसके बदले उन्हें एक निश्चित मासिक किराया देना होगा।

# डॉक्टरों द्वारा अतुलनीय योगदान दिया जा रहा हैः मुख्यमंत्री

**सराहना**

■ सीएम ने कोविड अस्पतालों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों एवं उपचाराधीन मरीजों से बात की

■ कोविड पर नियंत्रण के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा है कि कोरोना संक्रमितों के उपचार मे लगे चिकित्सकों का काम तपस्या की भांति है। जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में मरीजों के बीच में रहकर उनका ईलाज कर रहे हैं, इसे एक बड़ी तपस्या ही कहा जा सकता है। धैर्य और तत्परता से चिकित्सक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक जिस मनोयोग से कार्य कर रहे हैं, विश्वास है कि हम कोविड–19 से लड़ाई में हमारी जीत अवश्य होगी। जो मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं, वे जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने सीएम आवास से वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से कोविड अस्पतालों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों एवं उपचाराधीन मरीजों से बात की।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दून, हल्द्वानी, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पतालों में तैनात डाक्टर्स एवं मरीजों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से मरीजों की स्थिति, वेंटिलेटर, आईसीयू, आक्सीजन बैड, कोविड से निपटने के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कोविड पर नियंत्रण के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। डॉक्टरों द्वारा अतुलनीय योगदान दिया जा रहा है। मरीजों से बातचीत कर जिस तरह से उन्होंने अस्पतालों की व्यवस्थाओं से वे संतुष्ट हैं, इसके लिए सभी अस्पताल बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड–19 पर नियंत्रण के लिए डॉक्टरों द्वारा कठिन परिस्थितियों में पूरे सेवाभाव से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। अस्पतालों में भर्ती कोरोना के मरीजों से मुख्यमंत्री ने इलाज, रहने एवं खाने के बारे में जानकारी ली। सभी मरीजों ने अस्पताल प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की। मुख्यमंत्री ने दून मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष सयाना से दून मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**दून मेडिकल कॉलेज आगे की चुनौतियों का समाना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयारः डॉ. सयाना**

डॉ. सयाना कहा कि दून मेडिकल कॉलेज आगे की चुनौतियों का समाना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। आईसीयू बैड की संख्या बढ़ा दी गई है। 33 पेंशंट अभी आईसीयू में हैं। पीपीई किट्स, मास्क, आक्सीजन सपोर्ट सिस्टम एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उचित व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने दून अस्पताल में भर्ती कोविड के मरीज बलजीत सिंह एवं महावीर कण्डारी से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। खानपान एवं रहने की भी उचित व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में डॉ. परमजीत सिंह से वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में प्लाज्मा थेरेपी पर भी कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में डॉ. कलम सिंह बुटोला, कोटद्वार बेस अस्पताल में डॉ. वी. सी. काला, मेला अस्पताल हरिद्वार में डॉ. राजेश गुप्ता एवं डॉ. देवेन्द्र रावत एवं चमोली में डॉ. अमित जैन से बातचीत कर इन जनपदों में कोविड की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### सैंपल टैस्टिंग को और बढ़ाया जायेगाः सचिव स्वास्थ्य

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि लोगों को अच्छा ट्रीटमेंट मिले। इसमें और जितनी सुधार की गुंजाइश होगी वह किया जायेगा। सैंपल टैस्टिंग को और बढ़ाया जायेगा। हमारे डॉक्टर्स कोरोना से जिस तरह से जंग लड़ रहे हैं, निश्चित रूप से सभी डॉक्टरों के प्रयास सराहनीय है।

# क्रिकेट स्टेडियम की दयनीय स्थिति को लेकर कांग्रेस का धरना

**मांग**

■ स्टेडियम की सुध लिये जाने की मांग की

देहरादून। **संवाददाता**

रायपुर स्थित राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की दयनीय स्थिति पर सरकार द्वारा की गई अनदेखी के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया। इस स्टेडियम की सुध लिये जाने की मांग की है।

बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में कांग्रेसजन रायपुर स्थित राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के पास पहुंचे और वहां पर उन्होंने स्टेडियम की दयनीय स्थिति पर प्रदर्शन कर धरना दिया और कहा कि जल्द ही इस ओर ठोस पहल नहीं की गई तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि करीब तीन सौ करोड़ की लागत से बना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बदहाल है और कौन जिम्मेदार है।



उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम पर बने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर स्वर्गीय राजीव गाँधी के जन्म दिन से एक दिन स्टेडियम के बाहर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और राजकुमार ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस स्टेडियम को करोड़ो की लागत से एक धरोहर के रूप में विकसित किया था लेकिन वर्तमान सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

बिल्डिंग खराब हो रही है तथा कुर्सियां सड़ रही है स्टेडियम में घास बड़ी हो रही है और अगर सरकार इस ओर जल्द ध्यान नहीं देती तो कांग्रेस सड़को पर उतर कर उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

### विस अध्यक्ष से कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने की शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल के शासकीय आवास पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सतपाल महाराज ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर वितरित किया गया। प्रसाद भी विधानसभा अध्यक्ष को भेंट किया। इस अवसर पर सतपाल महाराज ने विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान किए गए संघर्ष एवं योगदान के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा रेल के पुराने इंजन व प्लेन (हवाई जहाज) की मॉडल्स को धरोहर के रूप में ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर लगाने की घोषणा करने पर प्रेमचंद अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज का आभार व्यक्त किया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।